III. नरायणपुर वार्ड न0 17 मा0 लक्ष्मणपुर में म0न0–शि05/125 –के से म0न0–शि0 05/119– ए–के–1 होते हुए सुरेश चौहान के मकान तक इण्टर लाकिंग द्वारा गली निर्माण कार्य से सम्बन्धित पत्रावली में कार्यदायी एजेंसी को दिनांक 08.01.2021 को कार्यादेश निर्गत करते हुए एक माह में कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया किन्तु कार्यदायी एजेंसी द्वारा निर्धारित समय में कार्य पूर्ण नहीं किया एवं दिनांक 05.03.2021 को पत्र देकर सूचित किया गया कि कार्यस्थल पर भूमि विवाद एवं कोरोना लॉकडाउन के कारण कार्य में विलम्ब हो रहा इसलिए 30.07.2021 तक समय वृद्धि की मॉग की गयी। कार्यदायी एजेंसी द्वारा दिनांक 07.02.2021 के पूर्व ही सूचना देना अनिवार्य था एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा विलम्ब से कार्य कराने हेतु कार्यदायी एजेंसी पर अर्थदण्ड आरोपित करना अपेक्षित था। अतः उपर्युक्त के सम्बन्ध में कृत कार्यवाही से संपरीक्षा को अवगत कराना अपेक्षित हैं। (सा0 आ0 संख्या 03 डी/16/मु.न.ले.प./2022–23 दिनांक 27.08.2022)

IV. कार्य का नाम वार्ड स0 –59 रानीपुर न्यु कालोनी में N-9\40-B-F-1 से N-9]40 K-3B चौका लगाने का कार्य धनांक 78745/ ठेकेदार / फर्म का नाम– अमन कंस्ट्रक्शन का कार्य की पत्रावली के सम्परीक्षा के क्रम में पाया गया कि कार्यस्थल तथा कार्य का फोटो कार्यादेशानुसार नही लगा हैं। उक्त बिन्दु पर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराया जाना उपेक्षित है। (सा0 आ0 संख्या 04डी/16/मु.न.ले.प./2022–23,दिनांक 27.08.2022)

V. कार्य का नाम–मो0 सलेमपुरा में A-25\20 मस्जिद व A25\10 खोदी गई ट्रेंच की मरम्मत का कार्य धनांक रू0 434852/ फर्म का नाम शंकर कंस्ट्रक्शन का कार्य की पत्रावली की सम्परीक्षा के क्रम में पाया गया कि पत्रावली के पृष्ठ संख्या 04 पर अधिशासी अभियंता द्वारा ठेकेदार/फर्म पर रूपये 2000/–का अर्थदंड तथा पृष्ठ 52 पर रूपये 4000/ का अर्थदंड लगाया गया है। जिसकी वसूली ठेकेदार को किये गये भुगतान में से नही की गई है। जिसकी भी वजह से वसूली नहीं कि गई। परन्तु नगर निगम की आर्थिक क्षति स्पष्टत रूप से परिलक्षित है। (सा0 आ0 संख्या 05 डी/16/मु.न.ले.प./2022–23,दिनांक 27.08.2022)

VI. वार्ड स0 में मो सराम– नदंन में 34/46– –2 से श्री मंजू के मकान तक होते हुए गंगा साह तक

चौका रिसेटिंग का कार्य धनांक रूपयें 89731/ ठेकेदार/फर्म का नाम अमन कंस्ट्रक्शन कार्य की पत्रावली के सम्परीक्षा क्रम में पाया गया कि ठेकेदार द्वारा लाकडाउन की वजह से समयवृद्धि की मांग की गई है जबकि कार्यादेश के अनुसार कार्य दिनांक 13.03.2020 को समाप्त करना था जो लाकडाउन से पूर्व की तिथि है, ऐसे में समयवृद्धि देय नहीं होना चाहिए था। ठेकेदार द्वारा स्थल पर विवाद को भी वजह बताया गया है परंतु पृष्ठ 2 पर विभाग द्वारा COVID को वजह बताया गया है जो परस्पर विरोधा भासी हैं।(सा0 आ0 संख्या 06 डी/16/मु.न.ले.प./2022–23 दिनांक 27.08.2022)

VII. सिगरा वार्ड स0 9 लहरतारा में निर्मल नगर कालोनी की सड़क का पैच मरम्मत का कार्य धनांक –368069/– फर्म ठेकेदार का नाम में0 शकंर कंस्ट्रक्शन के कार्य की पत्रावली की संपरीक्षा क्रम में पाया गया कि कार्य के अनुबंध की प्रक्रिया में ठेकेदार द्वारा रूपये 26000/मात्र की धनराशि बतौर जमानत जमा की गई है जबकि जमानत धनराशि 50539.40 रूपये जमा करायी जानी चाहिए थी। इस स्थिति में रूपये 24539.40 कम की धनराशि बतौर जमानत जमा कराई गई जो गंभीर आपत्ति की श्रेणी में आता है। (सा0 आ0 संख्या 07डी/16/मु.न.ले.प./2022–23 दिनांक 27.08.2022)

VIII. चेक संख्या –7 दिनांक 02.03.2022 धनांक 85385 के व्यय प्रमाणक से संबंधित पत्रावली की संपरीक्षा में पाया गया कि कोतवाली जोन अन्तर्गत वार्ड सं0 44 कामेश्वर महादेव में मो0 बंगाली बाड़ा में दुर्गा पूजा के अवसर पर K– 43/31A,K-43/62 के पास एवं K–43/29 से 26 तक और K 43/62 से 69 तक चौका पत्थर मरम्मत का कार्य की पत्रावली में माप पुस्तिका में कार्य प्रारम्भ की तिथि 24.09.2019 तथा समाप्ति की तिथि 16.01.2020 दर्ज है। जबकि कार्यादेश दिनांक 13.01.2020 को जारी हुआ है। स्पष्ट है पत्रावली में तिथियों के साथ छेड़छाड़ की गई हैं तथा ठेकेदार से कार्य करने की लिखित सहमति भी नही की गई है। जो बेहद ही गंभीर एवं आपत्ति जनक हैं। (सा0 आ0 संख्या 08डी/16/मु.न.ले.प./2022–23 दिनांक 27.08.2022)

IX. सारनाथ वार्ड सं0 26 अन्तर्गत सारंग चौराहा से अशोक बिहार फेस –2 तक नाला सफाई धनांक 59531 ठेकेदार का नाम – मेसर्स महादेव कंस्ट्रक्शन विषयक पत्रावली के सम्परीक्षा में पाया गया कि माप पुस्तिका तथा पत्रावली में कार्य प्रारम्भ की तिथि दिनांक 06.06.2019 दर्ज है तथा कार्यादेश दिनांक 07.07.2019 को जारी हुआ है। यह प्रकरण यह दर्शाता है कि तिथियों के साथ छेड़छाड़ की गई है। (सा0 आ0 संख्या 09 डी/16/मु.न.ले.प./2022–23 दिनांक 27.08.2022)

X.चेक सख्या 04 दिनांक 01.12.2021 धनांक रू 171061 के व्यय प्रमाणक से संबंधित पत्रावली की सम्परीक्षा क्रम में पाया गया कि वार्ड सं0 55 मों0 अस्सी में B1/157, B 1/122 व B1/144 तथा B2/225 के पास गली निर्माण के कार्य में ठेकेदार/फर्म में0 मोहनलाल द्वारा COVID लाकडॉउन का हवाला देकर समयवृद्धि की मांग की गई है। जबकि कार्यादेश लाकडाउन समाप्ति के दो माह पश्चात जारी हुआ है। ऐसे में समयवृद्धि देना उचित प्रतीत नहीं होता है। (सा0 आ0 संख्या 10डी/16/मु.न.ले.प./2022–23 दिनांक 27.08.2022)

XI. वार्ड सं09 में सरायनंदन में –K13/11–K सेn-13\17-D-1-5M होते हुए N-13\11-H तक चौका रिसेटिंग का कार्य धनांक रू 95744 ठेकेदार/फर्म मे अमन कन्स्ट्रक्शन के कार्य को पत्रावली के संपरीक्षा क्रम में पाया गया कि कार्यस्थल तथा कार्य की फोटो कार्यादेशानुसार नहीं है। (साधारण आपत्ति संख्या 11डी/16/मु.न.ले.प./2022–23, दिनांक 27.08.2022)

XII. वा0 स0 –1, दिनांक 01.09.2021, धनांक 93998/– के व्यय प्रमाणक से संबंधित पत्रावली की सम्परीक्षा में पाया गया कि पाण्डेयपुर वार्ड सं0 16 मो0 टकटकपुर पंचकोशी महाबीर ग्रीन्स अपार्टमेंट अशोक

मौर्या के मकान तक सड़क पटरी पर इंटरलाकिंग कार्य में जारी कार्यादेश में कार्य दिनांक 07.11.2019 को प्रारम्भ कर 15 दिन में पूर्ण करना था परन्तु ठेकेदार/फर्म आर.के इन्टरप्राइजेज द्वारा दिनांक 16.05.2020 को समयवृद्धि की मांग की गई। जो कार्य नवम्बर 2019 में समाप्त हो जाना चाहिए था उसके लिए समयवृद्धि 6 महीने बाद मांग हो गई और 15 दिन के काम के लिए 6 महीने की समयवृद्धि भी दी गई। जबकि समयवृद्धि केवल स्वविवेक पर आधारित होता है।(सा0 आ0 संख्या 12 डी/16/मु.न.ले.प. /2022–23, दिनांक 27.08.2022)

XIII. वार्ड न0 36 मो0 नक्खीघाट में J35/67 से J35/67 A–25 होते हुए J 35/67 A–3 तक चौका रिसेटिंग के कार्य में ठेकेदार /फर्म आर0 के0 इण्टर प्राइजेज द्वारा समयवृद्धि की मांग की गई है जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा स्थलीय परीक्षण कर तथ्यात्मक आख्या मांगी गयी है, परन्तु जो आख्या संबंन्धित द्वारा दी गई है उसका आधार केवल ठेकेदार के निवेदन पत्र को बताया गया है जो वारिष्ठ अधिकारियों के निदेर्शो के अवज्ञा के साथ–साथ नगर निगम के आर्थिक क्षति की तरफ भी संकेत देता है। (सा0आ0 संख्या 13डी/16/मु.न.ले.प./2022–23दिनांक 27.08.2022)

XIV. चेक संख्या –77, दिनांक 15.06.2022, धनांक रु0 313769/ के व्यय प्रमाणक से संबंधित पत्रावली के सम्परीक्षा क्रम में पाया गया कि वार्ड 8 भवन संख्या A38/42–C–1–K से हर्ष इण्टर कालेज होते हुए A38/42–C –1–X–5 तक क्षतिग्रस्त चौके को इंटर लाकिंग टाइल्स लगाने के क्रम में धनराशि 331717/ रूपये मात्र का व्यय किया गया । उक्त पत्रावली में निम्न कमियॉ पाई गई।

निर्धारित जमानत धनराशि रूपये 33200 से 1900 रूपये कम ठेकेदार से जमा कराया गया, जो कि नियम विरूद्व है। कार्य की गुणवक्ता को सुनिश्चित करने हेतु पयुक्त हुए इंटरलाकिंग टाइल्स की लैब टेस्टिंग रिपोर्ट पत्रावली मे संलग्न नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि शासनादेशानुसार निर्धारित क्म्प्रेसिव स्ट्रेंथ का अनुपालन नहीं कराया गया।(सा0 आ0 संख्या 14डी/16/मु.न.ले.प./2022–23 दिनांक 27.08.2022)

XV.मैनडेटरी टेस्ट से सम्बनिधत अभिलेख पत्रावलियों में न लगाया जानाः–

निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय द्वारा निर्गत पत्रांक T.C/314/2020–21, दिनांक 06.01.2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। पत्र में नगरीय निकायों द्वारा निष्पादित किये जा रहे विभिन्न प्रकार के कार्यो एंव आपूर्ति हेतु तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति ई.एम.डी . वापसी व मैनडेटरी टेस्ट इत्यादि के पपत्र के सम्बन्ध में प्रोफार्मा निर्धारित किया गया है। जिसमें मैनडेटरी टेस्ट हेतु प्रपत्र का भी गठन किया गया हैं, उपरोक्तानुसार गठित किये गये प्रोफार्मा को नियमानुसार प्रयोग में लाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये तथा मैनडेटरी टेस्ट के बिना किसी भी कार्य का भुगतान ना किया जाए का उल्लेख किया गया है। सामान्य अभियंत्रण विभाग द्वारा उक्त आदेश का अनुपालन कराया जाना प्रतीत नही हो रहा है। सम्परीक्षा में भुगतान पश्चात प्राप्त पत्रावलियों में मैनडेटरी टेस्ट रिपोर्ट संलग्न नही है। अतः उपरोक्त में स्थिति स्पष्ट कराते हुए उपरोक्त पत्र में उल्लिखित आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाना अपेक्षित है। (पत्रांक 38 डी/16/मु.न.ले.प./2022–23 दिनांक 09.12.2022)

XVI. सामान्य अभियन्त्रण विभाग के स्टोर से संबंधित अभिलेखों जैसे स्टाक बुक,इन्डेन्ट बुक,सामानों से संबंधित पत्रावलियों एवं अन्य अभिलेखों का परीक्षण अभी तक नही कराया गया जबकि वित्तीय वर्ष 2021–22 समाप्त हुए दो माह हो चुके है। स्टोर से संबंधित अभिलेखों का परीक्षण नियमित रूप से न कराये जाने के कारण यह स्पष्ट नही हो पा रहा है कि स्टोर में क्रय किये गये सामानों की स्टाक बुक में प्रविष्टि तथा उनका उपयोग/वितरण ठीक ढंग से किया जा रहा है अथवा नही? अभिलेखों का नियमित रूप से परीक्षण न कराया जाना लेखा नियमावली के नियम 75(1)(2)(3) का उल्लघन तथा संबंधित स्टोर

कीपर का अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता बरते जाने का द्योतक है। अतः ऐसी स्थिति में सामान्य अभियंन्त्रण विभाग के स्टोर का नियमित रूप से परीक्षण कराये जाने हेतु स्टोर कीपर को निर्देशित करने का कष्ट करें। (पत्रांक 16(1)/16/मु.न.ले.प./2022–23 दिनांक 28.05.2022)

XVII. निर्माण कार्य में प्रयुक्त किये जा रहे गिट्टी ,बालू ग्रेनाइट सैण्ड, स्टोन आदि पर रायल्टी काटे जाने का प्राविधान शासनदेश संख्या 243/86–2016–200/77 टी–सी 11 लखनऊ दिनांक 19.01.2016 में किया गया है। नगर निगम द्वारा निर्धारित प्रारूप पर दिये गये विवरणानुसार विभिन्न मदों के निर्माण कार्य के बिलों से रायल्टी की कटौती की जानी चाहिए। उक्त रायल्टी के समायोजन हेतु रवन्ना एम.एव.–11 संलग्न किया जाता है कि कम्प्यूटरीकृत/फोटो स्टेट प्रति रहती है तथा उक्त का प्रयोग एक निर्माण कार्य के साथ ही एक अधिक निमार्ण कार्यो में किए जाने की सम्भावना रहती है। जिससे रायल्टी के एम.एम.–11 से प्राप्त खनिज का कुल कितने निर्माण कार्यो में उपभोग किया गया, स्पष्ट नही हो पाता है। अतः एक निर्माण कार्य में प्रयुक्त खनिज के मात्रा की सूची बनाने के साथ रवन्ना एम.एम.11 से प्राप्त खनिज किन किन निर्माण कार्यो में प्रयुक्त किया गया था, का विवरण बनाया जाना अपेक्षित है। जिससे कुल समायोजन की जाने वाली रायल्टी का सत्यापन हो सकें। (पत्रांक 13 डी/16/मु.न.ले.प./2022–23 दिनांक 24.05. 2022)

XVIII सामान्य विभाग पत्रावली के परीक्षण में विदित हुआ कि कार्य का आगणन धनराशि रू.9,98,000/– की स्वीकृति नगर आयुक्त से प्राप्त कर राज्यवित्त आयोग (पार्षद कोटा) निधि से कार्य का उल्लेख किया गया है, किन्तु बजट सील नहीं लगाया गया। उपरोक्त स्थल पर पूर्व में कार्य कब सम्पन्न हुए थे, के सम्बन्ध में आख्या विभाग द्वारा नहीं दी गयी। कार्य से पूर्व संलग्न फोटोग्रॉफ में गलियों में चौका लगा हुआ दिखाया गया है। अतः काय पूर्ण होने का विवरण वर्ष के साथ नहीं किया जाना नियमानुसार नहीं हैं। 2–कार्य निविदा के उपरांन्त मेसर्स सौरभ इन्टरप्राइजेज को 15 प्रतिशत कम आगणन धनांक पर धनराशि रू. 8,48,276/– की स्वीकृति दी गयी तथा कार्यालय आदेश संख्या – 26/को0जो0/20–21, दिनांक –06.02.2024 निर्गत करते हुए 03 माह की अवधि मे कार्य पूर्ण करने हेतु आदेशित किया गया। कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र मे कार्य की सम्भावित तिथि की प्रविष्टि नहीं की गयी। विभागीय नोट में दिनांक –05.08.2021 को कार्य पूर्ण होने की वास्तविक तिथि दर्शाते हुए अन्तिम भुगतान कराया गया। कार्य निर्धारित समय 03 माह के बजाय 06 माह में पूर्ण हुआ। इस प्रकार ठेकेदार को समयवृद्धि अर्थदण्ड लगाये बगैर भुगतान कराया जाना नियमसंगत नहीं है।

3–रायल्टी चार्ट के अनुसार कार्य में 27.8 मी 2स्टोन चौका प्रयुक्त हुआ तथा रू. 278 की रायल्टी उक्त मद में देय था किन्तु पत्रावली में फार्म एम.एम.–11 संलग्न नहीं होने से स्टोन चौका के सम्बन्ध में आपूर्ति/रायल्टी की स्थिति अस्पष्ट रहीं। अतः रायल्टी धनराशि **रू.**1390**/–** जमा कराया आना अपेक्षित है। (पत्रांक डी/16/मु.न.ले.प./2022–23 दिनांक 11.04.2022)

<u>3.आलोक विभाग</u>

I.आदमपुर जोन अन्तर्गत कोनिया एवं जैतपुरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था कराये जाने से सम्बन्धित पत्रावली के परीक्षण में निम्न आपत्तियॉ प्राप्त हुयीं।पत्रावली में संलग्न माप पुस्तिका पर सक्षम प्राधिकारी का मुहर सहित हस्ताक्षर उपलब्ध नही है। पत्रावली में कृत कार्य से सम्बन्धित फोटोग्राफ्स संलग्न नहीं है। कार्य से सम्बन्धित कार्यादेश दिनांक 24.12.2021 को निर्गत किया गया जबकि अनुबंध दिनांक 25.01.2022 को किया गया। पत्रावली में कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र संलग्न नही है जिससे स्पष्ट नही हो रहा कि कार्य कब प्रारम्भ हुआ और कब समाप्त हुआ। अतः उपर्युक्त बिन्दुओं के दृष्टिगत प्रथम दृष्टया कार्य का सम्पन्न होना संदेहास्पद प्रतीत होता है। इसलिए उपर्युक्त के सन्दर्भ में कृत कार्यवाही से

सम्परीक्षा को अवगत कराना अपेक्षित है। (सा0 आ0 संख्या 25डी/16/मु.न.ले.प./2022–23 दिनांक 21.10.2022)

II. फर्म रूद्रा एसोसिएट्स 13 व 14 दिसम्बर 2021 को मा0 प्रधानमंत्री जी भारत सरकार के वाराणसी आगमन के दृष्टिगत राजघाट फ्लाई ओवर से बसन्ता कॉलेज मार्ग पुराना पुल से सरैया मार्ग, शैलपुत्री मार्ग पर समुचित प्रकाश व्यवस्था का कार्य कराये जाने से सम्बन्धित पत्रावली के परीक्षण में निम्न आपत्तियॉ प्राप्त हुयी। पत्रावली में संलग्न माप पुस्तिका पर कार्य आरम्भ करने की तिथि एवं सक्षम प्राधिकारी के तिथि एवं मुहर सहित हस्ताक्षर उपलब्ध नहीं है। पत्रावली में कार्य से सम्बन्धित फोटोग्राफ्स संलग्न नहीं है। कार्य 13 दिसबंर 2021 को पूर्ण कराया जाना आवश्यक था जबकि कार्यादेश दिनांक 16.12.2021 को एवं कार्य का अनुबंध दिनांक 25.01.2022 को सम्पन्न हुआ। **उपर्युक्त** बिन्दुओं के दृष्टिगत प्रथम दृष्टया कार्य का पूर्ण होना संदेहास्पद प्रतीत होता है। अतः उपर्युक्त के सन्दर्भ में कृत कार्यवाही से सम्परीक्षा को अवगत कराना अपेक्षित है। (सा0 आ0 संख्या 26/16/मु.न.ले.प./2022–23 दिनांक 21.10.2022)

III. वार्ड न0–30अकथा अन्तर्गत पचंकोशी चौराहा पर 01 अदद सेमी हाईमास्ट लगाये जाने सम्बन्धी पत्रावली के परीक्षण में निम्न त्रुटियॉ प्राप्त हुयीं। पत्रावली में माप पुस्तिका संलग्न नही हैं। पत्रावली में कार्य से सम्बन्धित फोटोग्राफ्स संलग्न नही है। अनुबंध पत्र सम्बन्धी अभिलेख संलग्न नहीं है। सामग्री आपूर्ति सम्बन्धी अभिलेख संलग्न नहीं है। उपर्युक्त बिन्दुओं के दृष्टिगत कार्य का पूर्ण होना प्रथम दृष्टया सन्देहात्मक प्रतीत होता है। अतः कृत कार्यवाही से सम्परीक्षा को अवगत कराना अपेक्षित है।(सा0 आ0 संख्या 27डी/16/मु.न.ले.प./2022–23 दिनांक 14.11.2022)

IV. वार्ड सं0 48 बजरडीहा में 95 अदद एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाईट 70 वाट लगाकर समुचित प्रकाश व्यवस्था हेतु आगणन रू 403560/ की स्वीकृति नगर आयुक्त महोदय से प्राप्त कर मेसर्स शिखर इण्टर प्राइजेज को कार्य आवंटित किया गया । उपरोक्त कार्य पर कुल धनराशि 403501/का व्यय किया गया । उपरोक्त व्यय से सम्बन्धित पत्रावली में निम्न कमियॉ पायी गयी जिसका निराकरण कराया जाना अपेक्षित है

(क) वित्तीय वर्ष 2021 –22 की वार्षिक न्यूनतम निविदा स्वीकृत दर की प्रतिलिपि पत्रावली में संलग्न नहीं कराये गए। कार्य मई 2022 में स्वीकृत कराया गया है। अतः उक्त दरों के आधार पर वित्तीय वर्ष 2022–23 में कार्य कराने हेतु सक्षम स्तर से स्वीकृत प्राप्त की गयी ? नयी दरों का निर्धारण क्यों नही किया गया ? (ख) कार्यादेश को पृथक से निर्गत न करके अनुबंध सूचना पत्र को ही अनुबंध में कार्यादेश मान लिया गया जो अनियमित है। कार्यादेश में कार्य अवधि का निर्धारण क्यो नही किया गया । MB में कार्य प्रारम्भ तिथि ,कार्य समाप्ति तिथि का उल्लेख क्यो नही किया गया।

(ग) MB में भवन संख्या के साथ कार्य स्थल को भी अंकित किया जाना चाहिए। कार्य स्थल की सूची में अंकित भवन संख्या तथा MB में अंकित भवन संख्या में भिन्नता है।

(घ) संलग्न फोटोग्राफ 58 कार्यस्थलों का ही संलग्न किया गया जिसमें अस्पष्टता है। शेष 19 लाइटों की स्थिति अस्पष्ट है। कार्योपरान्त भवन संख्या/कार्यस्थलानुसार सूची पत्रावली में अनुरक्षित क्यों नही किया गया।

(ड़) 95 कार्यस्थलों की सूची तथा MB में अंकित भवन संख्या में भिन्नता है। कार्य स्थल को परिवर्तन का आधार स्पष्ट करायें। (पत्रांक 43डी/16/मु.न.ले.प./2022–23, दिनांक 06.01.2023)

V.आलोक विभाग के स्टोर से संबंधित अभिलेखों जैसे स्टाक बुक,इन्डेन्ट बुक, सामानों से संबंधित पत्रावलियों एवं अन्य अभिलेखों का परीक्षण अभी तक नहीं कराया गया जबकि वित्तीय वर्ष 2021–22 समाप्त हुए दो माह हो चुके है। स्टोर से संबंधित अभिलेखों का परीक्षण नियमित रूप से न कराये जाने के

कारण यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि स्टोर में क्रय किये गये सामानों की स्टाक बुक में प्रविष्टि तथा उनका उपयोग/वितरण ठीक ढंग से किया जा रहा है अथवा नही? अभिलेखों का नियमित रूप से परीक्षण न कराया जाना लेखा नियमावली क नियम 75 (1)(2)(3) का उल्लघन तथा संबंधित स्टोर कीपर का अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता बरते जाने का द्योतक है।

अतः ऐसी स्थिति में आलोक विभाग के स्टोर का नियमित रूप से परीक्षण कराए जाने हेतु स्टोर कीपर को निर्देशित करने का कष्ट करें।(पत्रांक 17 डी/16/मु.न.ले.प./2022–23,दिनांक 28.05.2022)

4 कर विभाग

I. भवन सं0 – D-59\376-P-11-D-KH शिवपुरवा (दशाश्वमेध) से संबंधित पत्रावली के सम्परीक्षा में भवन का वार्षिक मूल्यांकन निम्न विधि से किया गया–(5400X80%x12x0.80-32.5%=27,993 रु) जो दिनांक 01.04. 2021 से लागू है, जबकि पत्रावली में संलग्न कम्प्यूटराइज्ड असेसमेंट अभिलेख के अनुसार कारपेट एरिया 1700 वर्ग फीट भवन तीन मंजिला और भवन की अवधि दस वर्ष से कम है। इस अनुसार भवन का वार्षिक मूल्यांकन निम्न विधि से किया जाना अपेक्षित था। (5100x80%x12x0.80-25%=29376 रु) अतः संबंधित कर निरीक्षक द्वारा भवन के वार्षिक मूल्यांकन में स्पष्ट त्रुटि प्रतीत होती है, जिससे नगर निगम को 1383 रू की वार्षिक क्षति पहुॅच रही है, जो नगर निगम के आर्थिक हितों के प्रतिकूल है। अतः उक्त के संबंध में कृत कार्यवाही से सम्परीक्षा विभाग को अवगत कराए। (सा0 आ0 संख्या 028डी/16/मु.न.ले.प./2022–23 दिनांक 11.12.2022)

II. जोन (आदमपुर, वरूणापर, दशाश्वेध,कोतवाली,भेलूपुर,) के कर सम्बन्धित विवरण उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में :–

वित्तीय वर्ष 2022–23 में नगर निगम वाराणसी आदमपूर जोन में गृहकर , नामांतरण ,भवन मूल्याकंन एव अन्य के तहत निर्धारित किए गए आय के लक्ष्य तथा संबंधित वित्तीय वर्ष में वास्तविक प्राप्त आय की बिंदुवार आख्या अपेक्षित है :–(1)वित्तीय वर्ष 2022–23 में जोन की चालू मांग।

(2).वित्तीय वर्ष 2022–23 से पूर्व कुल अवशेष धनराशि ।

(3).कुल भवन नामांतरण की सूची और पत्रावली।

जिसमें नगर निगम की वित्तीय आय की समुचित एव स्पष्ट लेखापरीक्षा करने मे किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो । अतः उपरोक्त उल्लेखित सूची तत्समय सम्बन्धित ज्येष्ठ लेखा परीक्षक को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। (पत्रांक 45डी/16/मु.ले.ले.प./2022–23 दिनांक – 28.01.2023)

5.विज्ञापन विभाग

I.वित्तीय वर्ष 2022–23 समाप्त होने में दो माह से भी कम अवधि शेष है। वित्तीय वर्ष 2022–23 में विज्ञापन मद में प्राप्त आय से सम्बन्धित अभिलेखों को अद्यतन तिथि तक सम्परीक्षा हेतु उपलब्ध नही कराये गये जो आपत्तिजनक है। अतः वित्तीय वर्ष 2022–23 में विज्ञापन मद में प्राप्त आय से संबंधित समस्त अभिलेखों को परीक्षण में यथाशीघ्र उपलब्ध कराकर ऑडिट कराये जाने हेतु अपने अधीनस्थ किसी कर्मचारी को अविलम्ब नामित करने का कष्ट करें जिससे कि लेखा नियमावली के नियम –75,एवं नगर निगम अधिनियम–1959 की धारा 144(1) का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। (पत्रांक 53 डी/16/16/मु.ले.प.प./2022–23 दिनांक 24.02.2023)

II. विज्ञापन विभाग में तत्कालीन नगर आयुक्त महोदय के आदेश के क्रम में तीन अकुशल श्रमिको को आउटसोंर्सिग पर रखा गया है। विज्ञापन विभाग में आउटसोर्सिग के भुगतान पत्रावली के परीक्षण में विदित हुआ कि नगर निगम द्वारा तीनो कार्मिको के वेतन भुगतान देयक में प्रत्येक माह के बिलों में EPF तथा ESIC

का भुगतान शहरी आजीविका केन्द्र को किया जा रहा है। जबकि पत्रावली में किसी भी माह की EPF और ESI चलान की प्रति संलग्न नही है।

अतः उक्त धनराशियों का शहरी आजीविका केन्द्र द्वारा जमा करने की पुष्टि कराने का कष्ट करें तथा सम्बन्धित चालानों को पत्रावली में संलग्न कराये ।(पत्रांक 39डी/16/मु.न.ले.प./2022–23 दिनांक 12.12.2022)

6.लाइसेन्स विभाग

I. वित्तीय वर्ष 2022–23 सामाप्त होने में दो माह से कम अवधि शेष है। उक्त वित्तीय वर्ष से सम्बन्धित अभिलेखों को अद्यतन तिथि तक परीक्षण हेतु उपलब्ध नही कराया गया जो आपत्तिजनक है। अतः वित्तीय वर्ष 2022–23 से सम्बन्धित समस्त पत्रावलियॉ, लाइसेन्स पंजी, तथा मूल अभिलेख परीक्षण हेतु अविलम्ब प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है जिससे लेखा नियमावली, के नियम –75 एवं नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा –144 (1) का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।(पत्रांक 52(1) डी/16/मु.न.ले.प. /2022–23,दिनांक 24.02.2023)

II. वित्तीय वर्ष 2021–22 समाप्त हो चुका है। विभाग द्वारा गए वित्तीय वर्ष की सम्परीक्षा नही करायी गयी है। अतः निम्न सूचनाओं के साथ संबंधित समस्त अभिलेख सम्परीक्षा हेतु उपलब्ध करायें ।

1. कुल मदों का विवरण जिसमे अनुज्ञप्तियॉ जारी की गयी।
2. देशी शराब एवं विदेशी शराब की दुकानों को निर्गत लाईसेन्सों की सूची तथा उक्त सूची का सत्यापन जिला आबकारी अधिकारी वाराणसी द्वारा निर्गत (नगर निगम सीमा क्षेत्र) सूची से मिलान/सत्यापन किया गया अथवा नहीं?
3.संबंधित लाइसेन्स पंजिका
4.होटल, लॉज तथा गेस्ट हाउस आदि की लाइसेन्स शुल्क के वसूली की स्थिति का विवरण निम्नानुसार उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है :–

क0स0	वर्गीकरण (क0स0–4) के अनुसार आकार	संख्या	धनराशि

5. निजि चिकित्सालय/क्लिनिक इत्यादि लाइसेन्स शुल्क वसूली की स्थितिः–

क0स0	निजि चिकित्सालय/क्लिनिक का नाम पता सहित	संख्या	धनराशि

कृपया उपरोक्त समस्त विवरण के साथ संबंधित अभिलेख सम्परीक्षा हेतु उपलब्ध कराये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।(पत्रांक 11डी/16/मु.न.ले.प./2022–23 दिनांक 19.05.2022)

7.स्वास्थ्य विभाग

GEM के माध्यम से चयनित किये गये फर्म M/S NATURE GREEN TOOLS AND MACHINES PRIATE LIMITED द्वारा 195 हाथ ठेला आपूर्ति के पश्चात जेम इनवाइस दिनॉक 25.03.2022 का फर्म द्वारा प्रस्तुत किया गया। उक्त आपूर्ति के संबन्ध मे निम्न बिन्दुओ पर स्थिति स्पष्ट कराया जाना अपेक्षित है :–

(क)फर्म द्वारा 195 नग हाथ ठेला की आपूर्ति कब की गयी। यदि वित्तीय वर्ष 2021–22 मे आपूर्ति प्राप्त की गयी है तो वर्ष 2020–21 के स्टाक बुक मे आपूर्ति प्रविष्ट करने का औचित्य स्पष्ट कराया जाना अपेक्षित है।

(ख)स्टाक प्रविष्टि का सत्यापन स्टाक बुक से कराया जाए तथा पत्राक (1)/523/क.व। 2021–22 दिनॉक 25.02.22 के अनुरूप हाथ ठेला का वितरण (175 नग) तथा अवशेष 20 के उपयोग की स्थिति को स्पष्ट

कराया जाना अपेक्षित है।

(ग)आपूर्ति के पश्चात फोटो ग्राफ पत्रावली पर उपलब्ध नही होने से हाथ ठेला पर क्रमांक अंकन,स्वच्छ काशी सुन्दर काशी की लिखाई, पेन्ट इत्यादि की स्थिति स्पष्ट नही रहा ।

(घ) टेकनीकल जॉच रिपोर्ट स्पेसिफिकेशन के अनुरूप बिन्दुवार पृथक रूप से नही दी गयी । फर्म के फारमेट पर प्रभारी स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा तकनीकी जॉच किया सही पाया गया की आख्या दिया गया है । समस्त आपूर्ति (195 नग) की बिन्दुवार तकनीकी जॉच रिपोर्ट पत्रावली पर अनुरक्षित की जानी चाहिये थी । (पत्रांक 30डी / 16 / मु.न.ले.प. / 2022–23 दिनांक 23.08.2022)

II. GEM के माध्यम से चयनित किये गये फर्म M/S URBAN ENVIRONMENT SERVICE ORIVATE LIMITED द्वारा 195 नग रिक्शा ट्राली आपूर्ति के पश्चात जेम इनवाइस दिनांक 25.03.2022 को फर्म द्वारा प्रस्तुत किया गया। उक्त आपूर्ति के संबन्ध मे निम्न बिन्दुओ पर स्थिति स्पष्ट कराया जाना अपेक्षित है :–

(क).फर्म द्वारा 195 नग रिक्शा ट्राली की आपूर्ति कब की गयी। यदि वित्तीय वर्ष 2021–22 में आपूर्ति प्राप्त की गयी है तो वर्ष 2020–21 के स्टाक बुक मे आपूर्ति प्रविष्ट करने का क्या औचित्य है ऐसा किया जाना घोर अनियमितता किए जाने का द्योतक है।

(ख)स्टाक प्रविष्टि का सत्यापन स्टाक बुक से कराया जाए तथा पत्रांक (1) / 523 / क.व। 2021–22 दिनांक 25.02.2022 के अनुरूप रिक्शा ट्राली का वितरण (132 नग) तथा अवशेष 63 के उपयोग की स्थिति को स्पष्ट कराया जाना अपेक्षित है।

(ग)आपूर्ति के पश्चात फोटो ग्राफ पत्रावली पर उपलब्ध नही होने से रिक्शा ट्राली पर क्रमांक अंकन,स्वच्छ काशी सुन्दर काशी की लिखाई,पेन्ट इत्यादि की स्थिति स्पष्ट नही रहा ।

(घ)टेकनीकल जॉच रिपोर्ट स्पेसिफिकेशन के अनुरूप विन्दुवार पृथक रूप से नही दी गयी । फर्म के फारमेट पर प्रभारी स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा तकनीकी जॉच किया सही पाया गया की आख्या दिया गया है । समस्त आपूर्ति (195 नग) की बिन्दुवार तकनीकी जॉच रिपोर्ट पत्रावली पर अनुरक्षित की जानी चाहिये थी (पत्रांक 28डी / 16 / मु.न.ले.प. / 2022–23 दिनांक 22.08.2022)

III. स्वास्थ्य विभाग के स्टोर प्रथम एवं द्वितीय से संबंधित अभिलेखों जैसे स्टाक बुक, इन्डेन्ट बुक, सामानों से संबंधित पत्रावलियों एवं अन्य अभिलेखों का परीक्षण अभी तक नही कराया गया जबकि वित्तीय वर्ष 2021–22 समाप्त हुए दो माह हो चुके है। स्टोर से संबंधित अभिलेखों का परीक्षण नियमित रूप से न कराये जाने के कारण यह स्पष्ट नही हो पा रहा है कि स्टोर में कय किये गये सामानों की स्टाक बुक में प्रविष्टि तथा उनका उपयोग / वितरण ठीक ढंग से किया जा रहा है अथवा नही? अभिलेखों का नियमित रूप से परीक्षण न कराया जाना लेखा नियमावली के नियम 75(1)(2)(3) का उल्लघन तथा संबंधित स्टोर कीपर का अपने कर्तव्यों के प्रतिलापरवाही तथा उदासीनता बरते जाने का द्योतक है। अतः ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य विभाग के स्टोर प्रथम एवं द्वितीय का नियमित रूप से परीक्षण कराये जाने हेतु स्टोर कीपर को निर्देशित करने का कष्ट करें।(पत्रांक 14(1)डी / 16 / मु.न.ले.प. / 2022–23 दिनांक 28.05.2022)

<u>8.परिवहन विभाग</u>

I. परिवहन विभाग में स्टोर से संबंधित अभिलेखों जैसे स्टाक बुक, इन्डेन्ट बुक, सामानों से संबंधित पत्रावलियों एवं अन्य अभिलेखों का परीक्षण अभी तक नहीं कराया गया जबकि वित्तीय वर्ष 2021–22 समाप्त हुए दो माह हो चुके है। स्टोर से संबंधित अभिलेखों का परीक्षण नियमित रूप से न कराये जाने के कारण यह स्पष्ट नही हो पा रहा है कि स्टोर में कय किये गये सामानों की स्टाक बुक में प्रविष्टि तथा उनका उपयोग / वितरण ठीक ढंग से किया जा रहा है अथवा नहीं? अभिलेखों का नियमित रूप से परीक्षण न कराया जाना लेखा नियमावली के नियम 75 (1) (2)(3) का उल्लघन तथा संबंधित स्टोर कीपर

का अपने कर्त्तव्यों के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता बरते जाने का द्योतक हे।

अतः ऐसी स्थिति में परिवहन विभाग के स्टोर का नियमित रूप से परीक्षण कराये जाने हेतु स्टोर कीपर को निर्देशित करने का कष्ट करें।(पत्रांक 18डी/16/मु.न.ले.प./2022–23 दिनांक 28.05.2022)

II. नगर निगम वाराणसी में छोटी–बड़ी गाड़ियों को चलाने हेतु नियमित, संविदा तथा आउटसोर्सिंग पर ड्राइवरों को रखकर वाहनों का संचालन कराया जा रहा है । नगर निगम में ठेके पर भी वाहनों की आपूर्ति की गयी है। ठेकेदार द्वारा आपूर्ति किए गए वाहनों को आउटसोर्सिंग के ड्राइवरों द्वारा चलाये जाने का प्रकरण प्रकाश में लाया गया था।ड्रारवर को कौन–कौन वाहन चलाने हेतु आवंटित किया गया है? जिन्हें निम्न विवरण के अनुसार उपलब्ध कराया जाय।

क्र0 स0 1	ड्राइवर का नाम 2	नियमित/आउटसोर्सिंग /सविदा 3	आवंटिव वाहन सं0 4	वाहन का प्रकार 5	मो0नं0 6

चुंकि उक्त विवरण महत्पूर्ण एवं नगर निगम हित से संबंधित होने के कारण आवश्यक है इसलिए वरीयता के आधार पर अधीनस्थ किसी कर्मचारी को नामित करते हुए उपलब्ध कराये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें। (पत्रांक 12डी/16/मु.न.ले.प./2022–23 दिनांक 24.05.2022)

9.नाजिरात विभाग

नजारत विभाग से संबंधित अभिलेखों जैसे स्टाक बुक, इन्डेन्ट बुक,सामानों से संबंधित पत्रावलियों एवं अन्य अभिलेखों का परीक्षण अभी तक नही कराया गया जबकि वित्तीय वर्ष 2021–22 समाप्त हुए दो माह हो चुके है। स्टोर से संबंधित अभिलेखों का परीक्षण नियमित रूप से न कराये जाने के कारण यह स्पष्ट नही हो पा रहा है कि स्टोर में क्रय किये गये सामानों की स्टाक बुक में प्रविष्टि तथा उनका उपयोग/वितरण ठीक ढंग से किया जा रहा है अथवा नही? अभिलेखों का नियमित रूप से परीक्षण न कराया जाना लेखा नियमावली के नियम 75(1)(2)(3) का उल्लघन तथा नाजिर का अपने कर्त्तव्यों के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता बरते जाने का द्योतक है।

अतः ऐसी स्थिति में नाजिरात विभाग से संबंधित अभिलेखों का नियमित रूप से परीक्षण कराये जाने हेतु नाजिर को निर्देशित करने का कष्ट करें।(पत्रांक 15(1) डी/16/मु.न.ले.प./2022–23 दिनांक 28.05.2022)

10.राजस्व विभाग

(क)कृपया इस कार्यालय के संलग्न पत्र सं002डी/16/मु.न.ले.प./2022–23, दिनांक – 18.04.2022 का अवलोकन करने का कष्ट करें।गत वित्तीय वर्ष 2021–22 समाप्त हो चुका है लेकिन दो पहियॅा तथा चार पहियॅा वाहन स्टैन्डों से प्राप्त आय का आडिट अभी तक नही कराया जा सका है। मौखिक तथा लिखित रूप से अभिलेखों को बार–बार मांगे जाने के बावजूद अभी तक संबंधित अभिलेखों को उपलब्ध न कराये जाने के कारण वाहन स्टैन्डो से प्राप्त आय का तुलनात्मक परीक्षण नही हो पाया है। अभिलेखों का नियमित रूप से परीक्षण न कराया जाना लेखा नियमावली के नियम 75 (1)(2)(3) का उल्लघन है।

(ख)चालू वित्तीय वर्ष 2022–23 में राजस्व विभग द्वारा किस–किस वाहन स्टैन्ड की विभागीय वसूली करायी जा रही है? तथा किस वाहन स्टैन्ड का ठेका निष्पादित हो चुका है? विभागीय वसूली किये जाने वाले कार्मिक के नाम के साथ–साथ वाहन स्टैन्डों के सूची की मांग मौखिक रूप से किये जाने के बावजूद अभी तक उपलब्ध नहीं कराया गया। वांछित अभिलेखों को समय से उपलब्ध न कराया जाना अनियमितता बरते जाने का द्योतक है।

(ग) गत वित्तीय वर्ष 2021–22 में विभागीय वसूली किये जाने पर विभिन्न वाहन स्टैडों के वसूली में काफी वित्तीय अनियमितता प्रकाश में आयी थी जिसकी जॉच नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार किये जाने पर उत्तरदायी कार्मिकों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की गयी थी। पिछले वित्तीय वर्ष के पैटर्न पर राजस्व विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2022–23 में भी विभागीय वसूली करायी जा रही है जिसमें पूर्व वित्तीय वर्ष की भॉति अनियमितता किये जाने की सभंवना से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

कृपया उक्त वांछित अभिलेखों को लेखा परीक्षा विभाग में अविलम्ब उपलब्ध कराये जाने हेतु विभागीय कर्मचारी को नामित करते हुए निर्देशित करने का कष्ट करें ताकि पायी गयी अनियमितताओं सहित पूर्व के समस्त आरोपों को सम्मिलित करते हुए प्रकरण नगर आयुक्त महोदय को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा सके। (पत्रांक 10 डी/16/मु.न.ले.प./2022–23 दिनांक–19.05.2022)

11.सम्परीक्षा में समान्य रूप से पाये जाने वाली कमिया जिसका अनुपालन सम्बन्धित विभागों द्वारा किया जाना चाहिएः–

(क).आउट सोर्सिग पर कार्यरत कर्मचारियों के पूर्व के ई टेण्डर को ही आगे बढ़ाया जा रहा है जबकि शासनादेश के अनुसार समस्त आउटसोर्सिग टेण्डर जेम के माध्यम से होना चाहिए।

(ख)नगर निगम द्वारा बैंक चार्जेज के रूप में 105338.84 व्यय किया गया है जबकि सरकारी खातों पर बैंक चार्ज में छुट प्राप्त होती है।

(ग).नगर निगम वाराणसी में लेखा विभाग में कैश बुक (हस्तलिखित) का रख रखाव नियमानुसार नहीं है व वर्तमान में मैनुअल कैश बुक बनाया गया है जिनकी संख्या खातों के अनुसार है। नियमानुसार एक सिंगल कैश बुक होनी चाहिए समाप्ति पर कैश बुके का परीक्षण नहीं कराया गया जिसमें अनिमितता बरते जाने की पूर्ण सम्भावना हो सकती है।

(घ)नगरीय निकायों के निर्माण कार्यो हेतु मॉडल निविदा प्रपत्र ULB-T-1,ULB T-2 ULB T-3 अंगीकृत किए जाने के संबंध में निदेशक स्थानीय निकाय द्वारा निर्देश दिनांक 01.01.2021 जारी किया गया जिसका अनुपालन नहीं कराया जा रहा है।

(ड़)वित्तीय वर्ष 2022–23 में विभिन्न मदों में भवन अनुरक्षण पर पूर्व वर्ष की तुलना में अधिक व्यय किया गया है।

(च)नगर निगम वाराणसी में वित्तीय वर्ष 2022–23 में गृहकर के रूप में 596397139 की धनराशि प्राप्त हुई जिसमें वर्तमान वित्तीय वर्ष में गृहकर की मूल धनराशि ब्याज एवं की धनराशि को अलग–अलग नहीं दर्शाया गया जिससे यह स्पष्ट नहीं हो सका कि उक्त धनराशि मे क्या–क्या शामिल करके अलग वित्तीय वर्ष में गृहकर धनराशि की वसूली को दिखाया गया है।

(छ) आउटसोर्सिग के भुगतान की पत्रावलियों में कार्मिकों के पूर्ववाह में काटे गए EPF तथा ESIC की प्रति संलग्न नहीं कराया जाता है।

उपसंहार

नगर निगत के वित्तीय वर्ष 2022–23 के आय ,व्यय की समीक्षा करने पर पाया गया कि करों की वसूली, विज्ञापन स्थल का किराया , पार्किंग शुल्क,लाईसेंस शुल्क, सेवा–प्रशासनिक शुल्क तथा रोड कटिंग से आय इत्यादि मदों में बढ़ोत्तरी किए जाने के विभिन्न तरीको पर विचार करते हुए आवश्यक प्रयास किया जाना आवश्यक है। वर्तमान समय में नगर पचांयत, सूजाबाद, नगर पालिका परिषद रामनगर का विलय नगर निगम, वाराणसी में हो जाने एवं नगर निगम सीमा में कई राजस्व ग्रामो के सामिल हो जाने के फलस्वरूप बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराने के साथ–साथ आय के नये संशाधन विकसित किया जाना नगर निगम हित में आवश्यक है क्योकि नगर निगम सीमा का विस्तारीकरण हो जाने के कारण आय के नए संसाधन विकसित करना या बुनियादी सुविधाओं को उसी अनुपात में उपलब्ध कराया जाना एक साथ कई चुनौतियों का सामना करते हुए नगर निगम को जनहित में सभी कार्य सम्पादित किया जाना है जिसके लिए अभी से प्रत्येक स्तर पर प्रयास किया जाना आवश्यक है।

उपरोक्त के अतिरिक्त यहां यह भी उल्लेखनीय है कि नगर निगम सीमा के विस्तारीकरण के फलस्वरूप जी0आई0एस0 तकनीक का उपयोग करते हुए नगरीय सीमा के जमीनों को चिन्हित करतें हुए उन जमीनों का आवासीय तथा व्यावसायिक उपयोग करने की दिशा में पहल करके नगर निगम के आय में स्थाई रूप से वृद्धि किए जाने की दिशा में हर सम्भव प्रयास किया जा सकता है जिसका निकट भविष्य में अच्छा परिणाम निगम को आय की दृष्टि से हासिल हो सकता है। अनावश्यक व्यय(डीजल/पेट्रोल,कार्यालयों की साज सज्जा आदि) पर यथा सम्भव नियंत्रण रखा जाना भी आवश्यक है। लेखा परीक्षा विभाग द्वारा प्रेषित की गयी विशेष आपत्ति, साधारण आपत्ति तथा समय–समय पर विभागाध्यक्षों को प्रेषित पत्रो के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

लेखा नियमावली के नियम 76 में स्पष्ट प्राविधान है कि विशेष आपत्ति जारी होने के 15 दिनों के अन्दर विभागीय अधिकारी के हस्ताक्षर से आपत्तियों के निस्तारण हेतु आख्या प्रेषित किया जाना चाहिए परन्तु उक्त नियमों का अनुपालन नही किया जा रहा है। परिणामस्वरूप जैसे जैसे आपत्तिया पुरानी पड़ती जाती है वैसे वैसे सम्बन्धित अभिलेखों को सम्परीक्षा में उपलब्ध कराने अथवा वांछित नियमों का अनुपालन किये जाने में कठिनाई बढ़ती चली जाती हैं। अतः लेखा नियमावली के नियम 76 का अनुपालन आपत्ति जारी किए जाने के 15 दिनो के अन्दर सुनिश्चित किये जाने हेतु निगम प्रशासन को गम्भीरता पूर्वक विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है ताकि ऑडिट आपत्तियों के उठाए जाने के फलस्वरूप नगर निगम के धन का दुरूपयोग होने की सम्भावना को बचाये रखने के साथ–साथ ऑडिट आपत्ति उठाये जाने की मूल भावना की अवधारणा नगर निगम हित में स्थापित हो सके ।

वार्षिक सम्परीक्षा प्रतिवेदन तैयार कराये जाने के लिए लेखा परीक्षा विभाग के समस्त सम्परीक्षकों का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होनें इस प्रतिवेदन को तैयार करने में काफी सहयोग प्रदान किया है।

नगर निगम प्रशासन तथा माननीय कार्यकारिणी समिति का ध्यान उपरोक्त तथ्यों की ओर इस आशय से आकृष्ट किया जाता है कि प्रतिवेदन में उठाये गये समस्त बिन्दुओं पर विचार करते हुए नगर निगम की आय बढ़ाये जाने की दिशा में प्रत्येक स्तर से कार्य किया जाना अपेक्षित है।

ज्येष्ठ लेखा परीक्षक

मुख्य नगर लेखा परीक्षक